# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या : R/380/21 / सम्बद्धता / 2021

दिनांक : 20/05/021

सेवा में,

प्रबन्धक / प्राचार्य / प्राचार्या,
लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त समस्त महाविद्यालय,
जनपद–सीतापुर, रायबरेली, हरदोई एवं लखीमपुर खीरी।

महोदय,

सूच्य है कि संदर्भित जनपद में पूर्व से संचालित महाविद्यालयों को लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध / सहयुक्त कर दिया गया है जिसके क्रम में सत्र 2021–22 से प्रथम वर्ष में प्रवेश लखनऊ विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम के अनुसार किये जायेंगे और तद्नुसार लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा भी आयोजित की जायेगी।

उक्त के क्रम में अनुरोध है कि ''ऐसे कोई पाठ्यक्रम अथवा विषय जो कानपुर विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त व महाविद्यालय में संचालित किये जा रहे हैं किन्तु लखनऊ विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित नहीं हैं, उनके नाम व सूची **अधिष्ठाता / समन्वयक, प्रवेश एवं अधिष्ठाता–महाविद्यालय विकास परिषद को तथा उसकी प्रति कुलसचिव कार्यालय को भी ई–मेल** (registrar@lkouniv.ac.in) **अथवा व्यक्तिगत डाक के माध्यम से** उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता / समन्वयक, प्रवेश, ल0वि0वि0।
3. अधिठाता, महाविद्यालय विकास परिषद, ल0वि0वि0।
4. इंचार्ज, वेबसाईट, ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाईल।

कुलसचिव